दिनांकः- 24.10.2025

-प्रेस नोट-

# थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 वांछित वाहन चोर गिरफ्तार, अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल व 01 स्कूटी बरामद

**घटनाओं का संक्षिप्त विवरणः –**

**दिनांक 19.10.25 को** वादी नासिर पुत्र लियाकत निवासी दाउद सराय थाना कुतुबशेर सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की मोटरसाईकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली मण्डी पर मु0अ0सं0 433/2025 धारा 303(2) बीएनएस के पंजीकृत किया गया एवं **दिनांक 21.10.25 को** वादी जैद पुत्र साजिद निवासी-पुल खुमरान पिसौरी मिठाई वाला थाना मण्डी जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की स्कूटी चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 437/2025 धारा 303(2) बीएनएस के पंजीकृत किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही का विवरणः –**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेकर अभियुक्तो की गिरफ्तारी व वाहनों की बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रोजन्त त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग/गस्त के दौरान उपरोक्त मुकदमों में वाहन चोरी की घटनाओ का सफल अनावरण करते हुये **02 वाहन चोर/अभियुक्तगण 1. फिरोज पुत्र सलमान निवासी हसमत कालौनी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर व 2. समीर पुत्र अफनान निवासी जैन कालौनी इलाही मस्जिद के पास थाना मण्डी जनपद सहारनपुर** को कलसिया रोड से खाताखेडी की तरफ आने वाले जे0वी0 जैन इन्टर कॉलेज के बराबर वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 01 **मोटरसाइकिल स्पलैण्डर** एवं **01 स्कूटी रंग काला** बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमों में धारा 317(2) की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. फिरोज पुत्र सलमान निवासी हसमत कालौनी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. समीर पुत्र अफनान निवासी जैन कालौनी इलाही मस्जिद के पास थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः–**

01 मोटरसाइकिल स्पलेण्डर UP 11 AZ 1341 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 433/2025 धारा 303(2) बीएनएस)

01 स्कूटी रंग काला UP 11 AQ 7316 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 437/2025 धारा 303(2) बीएनएस)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 राहुल शर्मा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. है0का0 100 राहुल त्यागी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
3. है0का0 02 कमल कौशिक थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
4. है0का0 521 सुनील राणा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
5. का0 2245 अंशु यादव थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

दिनांक: **24-10-2025**

**-प्रेस नोट-**

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही – चोरी की 05 मोटरसाइकिल बरामद

## थाना बेहट पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 शातिर वाहन चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर चोरी की 05 मोटरसाइकिल बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वाहन चोरी/नकबजनी/चोरी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वाहन चोर/नकबजन/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 24.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान* ***01 शातिर वाहन चोर/अभियुक्त समीर पुत्र इन्तजार नि0 ग्राम सूमली थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*** *को ग्राम उसण्ड जाने वाले तिराहे से चोरी की सुपर स्पलेण्डर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर कलसिया जाने वाले नहर के रास्ते पर खण्डहर से अलग-अलग स्थानों से चोरी की 04 मोटरसाइकिलें बरामद हुई। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बेहट पर मु0अ0सं0-495/25 धारा-318(2)/336(3)/317(5)/317(2) बीएनएस के पंजीकृत किया गया। बरामद मोटरसाइकिलो के विषय में जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता***

*1- समीर पुत्र इन्तजार नि0 ग्राम सूमली थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरण-***

- *02 अदद गलत नम्बर प्लेट*
- *01 सुपर स्पलेण्डर UP-11-BL-2563 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 413/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना मण्डी)*
- *01 टीवीएस स्पोर्ट रंग काला व नीली पट्टी UP-11-AB-0515*
- *01 स्पलेण्डर प्लस रंग काला UK-17-F-0919*
- *01 हीरो एचएफ डीलक्स HR-71-D-5182*
- *01 हीरो स्पलेण्डर प्लस रंग काला HR-01-AK-3194*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी थाना बेहट जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री धीरज सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 1058 राहुल राणा थाना बेहट जनपद सहारनपुर*
4. *है0का0 378 तरूण कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर*
5. *का0 1759 सावन कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

दिनांकः24.10.2025

-प्रेस नोट-

# *थाना बडगांव पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश चन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक* ***24.10.2025*** *को थाना बडगांव पुलिस द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान* ***01 वारण्टी अभियुक्त*** *को गिरफ्तार किया गया।*

***गिरफ्तार अभियुक्त –***

***नाम:*** *भीम उर्फ रवि पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम मोरा, थाना बडगांव, जनपद सहारनपुर (**संबंधित वाद संख्या:** 978/23 व **मु0अ0सं0:** 16/2023 **धारा:** 1380/411 भा0दं0वि0 (**मा0 न्यायालय:** सिविल जज (जू0डी0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवबन्द) में ग्राम मोरा से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।)*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः***

1. *श्री रमेश चन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना बडगांव*
2. *उ0नि0 मोहम्मद कामिल, थाना बडगांव*
3. *हो0गा0 2058 सोमपाल, थाना बडगांव*

दिनांक:24.10.2025

-प्रेस नोट-

**बैंक चैकिंग- नगर क्षेत्र**

***➡वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर के समस्त थाना क्षेत्रो में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष बैंक/एटीएम चेकिंग अभियान चलाया गया।****

***➡इस अभियान के तहत शहर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित सभी बैंकों, एटीएम, वित्तीय संस्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों की गहन चेकिंग की गई। थाना प्रभारियों द्वारा अपनी-अपनी पुलिस टीमों के साथ मिलकर बैंक परिसर, एटीएम बूथ, पार्किंग स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं असामाजिक तत्वों की सावधानीपूर्वक तलाशी एवं पूछताछ की गई।****

***➡इस दौरान बैंकों के प्रबंधकों एवं सुरक्षा गार्डों को भी आवश्यक सुरक्षा निर्देश दिए गए, जिनमें सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की नियमित जांच, एटीएम बूथों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया।****

***सहारनपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि किसी स्थान पर कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो तत्काल 112 या नजदीकी थाने पर सूचना दें।***

दिनांक:24.10.2025

-प्रेस नोट-

**_बैंक चैकिंग- ग्रामीण क्षेत्र_**

**_➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर के समस्त थाना क्षेत्रो में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष बैंक/एटीएम चेकिंग अभियान चलाया गया।_**

**_➡□इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित सभी बैंकों, एटीएम, वित्तीय संस्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों की गहन चेकिंग की गई। थाना प्रभारियों द्वारा अपनी-अपनी पुलिस टीमों के साथ मिलकर बैंक परिसर, एटीएम बूथ, पार्किंग स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं असामाजिक तत्वों की सावधानीपूर्वक तलाशी एवं पूछताछ की गई।_**

**_➡□इस दौरान बैंकों के प्रबंधकों एवं सुरक्षा गार्डों को भी आवश्यक सुरक्षा निर्देश दिए गए, जिनमें सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की नियमित जांच, एटीएम बूथों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया।_**

**_□□सहारनपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि किसी स्थान पर कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो तत्काल 112 या नजदीकी थाने पर सूचना दें।_**

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

# *थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 एन0बी0डब्ल्यू0 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री परविन्दर पाल सिंह के कुशल नेतृत में थाना जनकपुरी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है ।*

*थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा आज दिनांक* ***24.10.2025*** *को* ***01 एन0बी0डब्ल्यू0 वारण्टी अभियुक्त*** *को गिरफ्तार किया गया।*

***गिरफ्तार वारण्टी का विवरण:***

- ***तसलीम पुत्र हासिम*** *निवासी* ***चार खम्भों वाली गली, देहरादून चौक, थाना जनकपुरी, जनपद सहारनपुर***

  ***सम्बन्धित वाद संख्या:*** *5246/19 व* ***मु0अ0सं0:*** *265/19* ***धारा:*** *4/25 आर्म्स एक्ट* ***थाना*** *सदर बाजार, जनपद सहारनपुर में अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:***

1. *उ0नि0 श्री रनपाल सिंह, थाना जनकपुरी, सहारनपुर*
2. *का0 1751 अजय कुमार, थाना जनकपुरी, सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 24.10.2025

# थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 02 सिलेन्डर बरामद

*अवगत कराना है कि दिनांक 23.10.2025 को वादी श्री फकीरचन्द पुत्र रहतुलाल निवासी राधा कृष्ण कालोनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर द्वारा सिलेन्डर चोरी होने के सम्बन्ध में अज्ञात चोर के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 427/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा दिनांक 23.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर* ***01 शातिर चोर अभियुक्त विशाल उर्फ कुंवर पुत्र बबलू निवासी मौहल्ला पटेल नगर पुराना कमेला थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर हाल पता मौहल्ला शारदा नगर नाला पटरी थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर*** *को* ***ने सर्किट हाऊस से करीब 100 मीटर पहले*** *गिरफ्तार किया गया। अभि0* ***विशाल उपरोक्त के*** *कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी किया गया 01 सिलेन्डर व 01 अन्य चोरी से सम्बन्धित सिलेन्डर बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 317(2)/317(5) बीएनएस की वृद्धि की जा रही है। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

- *विशाल उर्फ कुंवर पुत्र बबलू निवासी मौहल्ला पटेल नगर पुराना कमेला थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर हाल पता मौहल्ला शारदा नगर नाला पटरी थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर*

## बरामदगी का विवरणः-

- *01 सिलेण्डर भारत कम्पनी का*
- *01 सिलेन्डर इण्डेन कम्पनी का*

## अभियुक्त विशाल उर्फ कवँर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास -

*1- मु0अ0सं0 320/2022 धारा 379/411 भादवि थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
*2- मु0अ0सं0 97/25 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-

*1- उ0नि0 अवशेष भाटी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
*2- उ0नि0 कृष्ण कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
*3- है0का0 960 सचिन कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
*4- का0 272 संदीप कमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*
*5- का0 1808 आशीष कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

# उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत सहारनपुर पुलिस की सशक्त पैरवी के चलते दिनांक 25.09.2025 से 15.10.2025 तक महिला सम्बन्धी अपराध के 08 मुकदमों में कुल 09 अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

*अवगत कराना है कि दिनांक **25.09.2025 से 15.10.2025** तक के दौरान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों में सशक्त पैरवी एवं प्रभावी न्यायिक कार्यवाही कराते हुए मा0 न्यायालय द्वारा कुल **08 मुकदमों में कुल 09 अभियुक्तों को सजा** दिलायी गयी।*

*उपरोक्त मुकदमों में महिला उत्पीड़न, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, अश्लील टिप्पणी आदि अपराध शामिल रहे । पुलिस द्वारा प्रत्येक प्रकरण में त्वरित विवेचना पूर्ण कर, अभियुक्तों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किये गये तथा अभियोजन अधिकारीगण द्वारा मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गयी।*

***दिनांक 25.09.2025 को थाना सदर बाजार के मुकदमे में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 02 लाख 65 हजार रूपये का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत **OPERATION CONVICTION** में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-एफटीसी/2 जनपद सहारनपुर द्वारा दिनांक 25.09.2025 को अभियुक्त पंकज राव पुत्र नारायण राव निवासी भूतनाथ गली दुर्गा मन्दिर रोड, पठानपुरा कोर्ट रोड थाना सदर बाजार को मु0अ0स0-121/2023 धारा 376, 420, 504, 506, 406, भादवि का दोषी पाते हुए अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 02 लाख 65 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***दिनांक 26.09.2025 को थाना फतेहपुर के मुकदमें 03 वर्ष का कारावास व 06 हजार रूपये का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपरजिला एवं --सत्र न्यायाधीश स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या13 जनपद सहारनपुर द्वारा दिनांक 26.09.को अभियुक्त अमित पुत्र बुद्धू 2025 म बडकला थाना फतेहपुर जनपदनिवासी ग्रा सहारनपुर को मु0अ0स0-229/2021 धारा 354ए354गए 506 भादवि व 7/8 पोक्सो अधि0 का दोषी पाते हुए अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व 06 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***दिनांक 26.09.2025 को थाना तीतरों के मुकदमे में 03 वर्ष का कारावास व 12 हजार रूपये का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत **OPERATION CONVICTION** में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर-जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल पोक्सो एक्ट कक्ष संख्या-13 जनपद सहारनपुर द्वारा दिनांक 26.09.2025 को अभियुक्त कपिल पुत्र पदम सिंह निवासी फतेहचन्दपुर थाना तीतरो जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-54/2021 में धारा 354.354क,452 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट का दोषी पाते हुए अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास व 12 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***दिनांक 29.09.2025 को थाना देवबन्द के मुकदमें में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 25 हजार का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र*

*न्यायाधीश कक्ष सं0-13/विशेष न्यायालय पोक्सों जनपद सहारनपुर द्वारा आज दिनांक 29.09.2025 को अभियुक्त अमृत पुत्र शीशपाल नि0 ग्राम इन्द्रपुर थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-524/ धारा19363,376 भादवि व(एबी)5एम/6 पोक्सो एक्ट थाना देवबन्द सहारनपुर का दोषी पाते हुए अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 25 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***दिनांक 29.09.2025 को थाना नकुड़ के मुकदमें में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 30 हजार रूपये का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय पोक्सों जनपद सहारनपुर द्वारा आज दिनांक 29.09.2025 को अभियुक्त मुन्शाद पुत्र हनीफ नि0 सिरसला थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-123/19 धारा 328,376(2), 452,506 भादवि व 5जे(11)/6 पोक्सो एक्ट थाना नकुड़ सहारनपुर का दोषी पाते हुए अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 30 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***दिनांक 14.10.2025 को थाना कोतवाली नगर के मुकदमे में 10 वर्ष का कारावास व 14 हजार रूपये का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय-01 जनपद सहारनपुर द्वारा आज दिनांक 14.10.2025 को अभियुक्त 1. मधुर धींगडा पुत्र स्व0 कृष्णलाल धींगडा उपरोक्त व 2. उषा धींगडा पत्नी स्व0 कृष्णलाल धींगडा निवासीगण सेतिया विहार निकट पानी की टंकी थाना कोतवाली नगर हाल पता किराये का मकान राजमिस्त्री गणपत विहार थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-117/21 धारा 498 ए,304बी,328 भादवि व 3/4 दहेज अधिनियम थाना कोतवाली नगर में दोषी पाते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 14 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***दिनांक 14.10.2025 को थाना सदर बाजार के मुकदमें में 05 वर्ष का कारावास व 25 हजार रूपये का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय पोक्सों जनपद सहारनपुर द्वारा आज दिनांक 14.10.2025 को अभियुक्त दिलनवाज पुत्र नसीम निवासी पंजाबी बाग थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0 292/20 धारा 354,354(घ)भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना सदर बाजार सहारनपुर का दोषी पाते हुए अभियुक्त को सजा 05 वर्ष का कारावास व 25 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***दिनांक 15.10.2025 को थाना कोतवाली नगर के मुकदमें में 20 वर्ष का कारावास व 65 हजार रूपये का अर्थदण्ड –*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0** के अन्तर्गत **OPERATION CONVICTION** में चिन्हित मांनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-15 जनपद सहारनपुर द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को अभियुक्त साकिब पुत्र इरफान नि0 गली नं0-1 किला नबाबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-219/22 धारा 363,366,323, 328,376(3) भादवि व 16/17 व 3/4 पोक्सो एक्ट का दोषी पाते हुए 20 वर्ष का कारावास व 65 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

***उल्लेखनीय है कि*** *इन सभी मामलों में पुलिस की त्वरित विवेचना, अभियोजन अधिकारियों की प्रभावी पैरवी एवं न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों को दोषसिद्ध कर सजा दिलायी गयी, जो महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में जनपद सहारनपुर पुलिस की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।*

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

# थाना कोतवाली देहात पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा मात्र 06 घण्टे में गुमशुदा युवक को  सकुशल बरामद कर, परिजनो के सुपुर्द किया गया

**घटना का संक्षिप्त विवरणः –**

*दिनांक 23.10 2025.को वादी श्री रवि कुमार पुत्र श्री हुकम सिंह निवासी घोघरेकी थाना थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर ने थाना उपस्थित आकर सूचना दी कि वादी का 18 वर्षीय लड़का किसी बात से नाराज होकर कही चला गया है, जिसको काफी खोजने के बाद भी नही मिलने की सूचना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र दिया गया था।*

**पुलिस कार्यवाही का विवरणः –**

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर गुमशुदा युवक को सकुशल खोजने हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज चैकिंग के आधार पर मात्र 06 घण्टे में गुमशुदा* ***अभिनव उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र रवि कुमार निवासी ग्राम घोघरेकी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*** *को टपरी बाईपास से सकुशल बरामद किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर गुमशुदा अभिनव उपरोक्त को सकुशल उसके परिजनो के सपुर्द किया गया।*

**गुमशुदा बच्चे का नाम व पताः-**

*1- अभिनव उम्र करीब 18 वर्ष*

**बरामद करने वाली पुलिस टीमः-**

*1. प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*2. व0उ0नि0 श्री सुनील कुमार शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*3. उ0नि0 श्री विपिन कुमार  थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*
*4. म0उ0नि0 रश्मि थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर*
*5.  म0है0का0 702 सीमा  थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

*मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना नकुड़ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*

*➡एंटी रोमियो टीम / मिशन शक्ति टीम थाना नकुड़ द्वारा मिशन शक्ति अभियान एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।*

*➡इस अभियान के तहत महिला उप निरीक्षक सिमरन कमलेश एवं महिला उप निरीक्षक कोमल पवार द्वारा जनक बाजार, तहसील रोड, मेन बाजार आदि क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।*

*➡टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें। साथ ही महिला सुरक्षा हेतु जारी हेल्पलाइन नंबर —1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला सहायता नंबर) तथा 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) की जानकारी दी गई।*

*➡कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित सावधानियों, जैसे अनजान लिंक पर क्लिक न करना, अज्ञात नंबर से प्राप्त कॉल/OTP साझा न करना, और सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखने की सलाह दी गई।*

*➡टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पुलिस विभाग का एक निरंतर प्रयास है।*

अभियान के दौरान टीम ने पम्पलेट वितरण, संवाद, और व्यक्तिगत वार्ता के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया और उन्हें सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
5.0

*□ थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित*

*➡□थाना अध्यक्ष अक्षय शर्मा के नेतृत्व में एंटी रोमियो / मिशन शक्ति टीम थाना बिहारीगढ़ द्वारा आज दिनांक 24.10.2025 को थाना क्षेत्रान्तर्गत विद्यालयों, बैंकों, बाजारों एवं प्रमुख चौराहों पर जाकर व्यापक साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

*➡□इस दौरान महिला उप निरीक्षक अक्षिता सिंह, महिला कांस्टेबल रेनू एवं महिला पीआरडी सुषमा द्वारा महिलाओं, बालिकाओं, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा, आत्मरक्षा, सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।*

*➡□टीम द्वारा बालिकाओं को डिजिटल एथिक्स (Digital Etiquette), ऑनलाइन सेफ्टी, तथा सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों को उनके अधिकार, सुरक्षा और संरक्षण से संबंधित प्रावधानों के बारे में बताया गया।*

*➡□अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, OTP या बैंक जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई।*

टीम द्वारा सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई —

□ 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)

□ 1090 (महिला हेल्पलाइन)

□ 1098 (बाल सहायता हेल्पलाइन)

□ 1076 (SC/ST हेल्पलाइन)

□ 112 (आपातकालीन सेवा)

□ 102 / 108 (स्वास्थ्य सेवा)

□ 181 (महिला सहायता नंबर)

*➡□कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट वितरित किए गए, लोगों की समस्याएं सुनी गई, उनका निस्तारण किया गया, तथा संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा संबंधी चेकिंग भी की गई।*

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना नकुड़ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम ने कस्बे में किया भ्रमण व चेकिंग अभियान*

*➡□एंटी रोमियो / मिशन शक्ति टीम थाना नकुड़ द्वारा आज दिनांक 24.10.2025 को थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण व चेकिंग अभियान संचालित किया गया।*

*➡□अभियान के दौरान टीम द्वारा कस्बा बाजार, सर्राफा बाजार, टावर रोड, होली चौक, बस स्टैंड तथा विद्यालयों के बाहर भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई एवं स्थानीय नागरिकों, महिलाओं तथा बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत जानकारी दी गई।*

*➡□टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही उन्हें महिला सुरक्षा हेतु जारी हेल्पलाइन नंबर —*
□ 1090 (महिला हेल्पलाइन)
□ 181 (महिला सहायता नंबर)
□ 112 (आपातकालीन सेवा)
□ 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)
की जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक किया गया, जैसे –
अज्ञात लिंक या कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना।
सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखना।

*➡□किसी भी प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड या साइबर ठगी की स्थिति में 1930 नंबर पर तत्काल संपर्क करना।*
*साथ ही महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य, महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा के महत्व, एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।*

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना देवबंद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक*

*➡□श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में थाना देवबंद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

*➡□अभियान के तहत महिलाओं एवं स्कूलों की छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर जागरूकता तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम द्वारा सभी को निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*

□ 1090 – महिला हेल्पलाइन नंबर

□ 112 – आपातकालीन सेवा नंबर

□ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर

*➡□कार्यक्रम के दौरान टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं एवं निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की। साथ ही विद्यालयों के आस-पास भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा संदिग्धों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।*

इस अवसर पर टीम द्वारा उपस्थित छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल सुरक्षा, एवं आत्मरक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

□ अभियान का उद्देश्य:

महिलाओं, छात्राओं और नागरिकों को सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सुरक्षित वातावरण स्थापित करना।

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 एवं साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक*

*➡□श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में  आज दिनांक 24.10.2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।*

*➡□इस अभियान के दौरान थाना प्रभारी श्री सुबे सिंह, उप निरीक्षक, महिला उप निरीक्षक रश्मि एवं महिला कांस्टेबल सीमा द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित बाजारों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमणशील रहकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।*

*➡□टीम द्वारा बालिकाओं को डिजिटल एथिक्स एवं ऑनलाइन सुरक्षा (Digital Awareness), साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय, महिला सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं बाल सुरक्षा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।*

*➡□अभियान के दौरान टीम द्वारा साइबर क्राइम एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के लिए जागरूक किया गया, जिसमें बताया गया कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक, या OTP पर भरोसा न करें और किसी भी साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 (Cyber Crime Helpline) पर संपर्क करें।*

टीम द्वारा महिलाओं और छात्राओं को सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई —

□ 1090 – वूमेन पावर लाइन (महिला हेल्पलाइन)

□ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन

□ 108 – एंबुलेंस सेवा

□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

साथ ही बाजारों एवं स्कूलों के आस-पास भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों से पूछताछ कर आवश्यक चेतावनी देकर छोड़ा गया।

□ अभियान का उद्देश्य:

महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना,

साथ ही उन्हें साइबर अपराधों, सामाजिक अपराधों और सरकारी सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करना।

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना तीतरों पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक*

*➡□श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में थाना तीतरों पुलिस द्वारा आज दिनांक 24.10.2025 को मिशन शक्ति फेस 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत कस्बा तीतरों के मुख्य बाजार, बस स्टैंड एवं कन्या गुरुकुल स्कूल परिसर में जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया।*

*➡□अभियान के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एंटी रोमियो प्रभारी उ0नि0 अवनि उपाध्याय एवं का0 दिव्यांशु द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।*

*➡□टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड या ऑनलाइन अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 (Cyber Crime Helpline) नंबर पर संपर्क करें। साथ ही उन्हें किसी अज्ञात लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, OTP या बैंक विवरण साझा न करने की सलाह दी गई।*

*➡□महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेस 5.0 के उद्देश्यों के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें उन्हें आत्मरक्षा, सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।*

टीम द्वारा उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया —

□ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर
□ 1090 – वूमेन पावर लाइन (महिला हेल्पलाइन)
□ 112 – पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर
□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर

*➡□कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट वितरित किए गए, महिलाओं की समस्याएँ सुनी गईं, तथा उनका निस्तारण किया गया। साथ ही टीम ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज में सुरक्षा एवं शांति बनाए रखी जा सके।*

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना गंगोह पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक*

* ➡□श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में  मिशन शक्तिकरण अभियान (मिशन शक्ति फेज 5.0) एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत थाना गंगोह पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।*

* ➡□अभियान के दौरान एंटी रोमियो टीम थाना गंगोह की महिला उप निरीक्षक खुशबू, महिला कांस्टेबल प्रीति, महिला कांस्टेबल अनु, एवं महिला पीआरडी आदेशना द्वारा कस्बा गंगोह क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न बैंकों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण और साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।*

* ➡□टीम ने पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक, तथा कस्बा बाजार, ननौता चौक, मोहल्ला टॉकन, गल्ला मंडी, बालाजी मंदिर, एवं राजीव मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, एवं नामदेव पब्लिक स्कूल में पहुँचकर महिला चौपाल लगाई।*

*चौपाल में अध्यापिकाओं, छात्राओं एवं स्थानीय महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं — जैसे विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं, एवं बाल मजदूरी न कराने की अपील की गई।*

*साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच, महिला सुरक्षा, एवं आत्मरक्षा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।*

*टीम ने उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया और निम्नलिखित सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी —*

□ 1090 – वूमेन पावर लाइन (महिला हेल्पलाइन)

□ 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर

□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर

□ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन

□ 108 – एम्बुलेंस सेवा

□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

*महिलाओं को डिजिटल एथिक्स, साइबर फ्रॉड, फ्रॉड कॉल, अनचाहे लिंक आदि के प्रति जागरूक किया गया तथा बताया गया कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें या 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें।*

दिनांकः 24.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक*

*➡□श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन मेंथाना सदर बाजार पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा आज दिनांक 24.10.2025 को व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया।*

*➡□अभियान के अंतर्गत टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खलासी लाइन, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, मार्केट, तथा सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमणशील रहकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।*

*➡□टीम ने उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और उन्हें किसी भी असुविधा या आपराधिक गतिविधि की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया।*

*➡□टीम द्वारा सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल सुरक्षा योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों, एवं महिला अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें।*

*कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट वितरित किए गए, ऑटो-रिक्शा पर जागरूकता संबंधी स्टीकर चिपकाए गए, तथा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।*
*टीम द्वारा नागरिकों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया —*
□ 1090 – वूमेन पावर लाइन (महिला हेल्पलाइन)
□ 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर
□ 108 – एंबुलेंस सेवा
□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर

अभियान के दौरान साइबर फ्रॉड, डिजिटल एरेस्ट, फर्जी कॉल्स, अनचाहे लिंक आदि के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 24.10.2025

*□ थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक*

*➡□श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना जनकपुरी पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।*

